আসল (आसल, ashal)—*a* असल, यथार्थ, खरा, genuine, pure, authentic, unadulterated —কথা (आसल कथा, ashal katha)—*n* असली बात, the fact is, আসলে (आसले, ashale)—*adv* असलमें, वस्तुत really, actually

আসা (आसा, asha)—*v* आना, to come, to turn up

আসান (आसान, ashan)—*n* अवसान, लाघव, आराम, termination, mitigation, relief

আসামী (आसामी, ashami)—*n* अपराधी, मुजरिम, an accused

person, a defendant in a criminal case

আসাসোঁটা (आसासोंटा, āshāsho ntā)—*n* চাপরাসের ডন্ডা, গদা, a sceptre, a mace, a club

আসীন (आसीन, āshin)—*a* बैठा हुआ, उपविष्ट, seated, placed.

আসুরিক (आसुरिक, āshurik)—*a* असुरका, असुर-सम्बन्धी, जबर्दी, निर्दयी, of a demon, like a demon, demoniac, giant like

আসোয়ার (आसोयार, ashoār)—*n.* सवार, अश्वारोही, a rider

আস্কারা (आस्कारा, āshkārā)—*n* प्रश्रय, आश्कारा, indulgence

আস্ত (आस्त, āsta)—*a* अखण्ड, साबूत, whole, unbroken, entire —পাগল (आस्त पागल, āsta pāgal)—*a* बिल्कुल पागल, a stark mad —বোকা (आस्त बोका, āsta bokā)—*a* निरा मूर्ख, a perfect block head

আস্তর (आस्तर, āstar)—*n* अस्तर, पलस्तर, बिछौनेकी चादर, lining of a garment, plaster, covering, bed-sheet.

আস্তরণ (आस्तरण, āstaran)—*n* बिछावन, बिछौनेकी चादर, कालीन गलीचा आदि, a bed-sheet, a covering, a carpet

আস্তানা (आस्ताना, āstānā)—*n* अस्ताना, आश्रम, resort, residence, hermitage

আস্তাবল (आस्ताबल, āstābal) | *n* अस्तबल, तबेला, stable

আস্তিক (आस्तिक, āstik)—*a* आस्तिक, ईश्वर माननेवाला, believing in God, theistic, a theist.

আস্তিন (आस्तिन, āstin)—*n* आस्तीन, बाँह, sleeve.

আস্তীর্ণ (आस्तीर्ण, āstirna)—*a* विस्तृत, फैला हुआ, बिखरा हुआ, spread out, strewn, scattered.

আস্তে (आस्ते, āste)—*adv* धीरे, आहिस्ता, slowly, gently

আস্থা (आस्था, āsthā)—*n* विश्वास, श्रद्धा, भरोसा, confidence, trust, reliance, dependence

আস্পদ (आस्पद, āshpad)—*n* पात्र, स्थान, आधार, object, place

আস্পর্ধা (आस्पर्धा, āshpardhā)—*n* स्पर्धा, ढिठाई, अहंकार, challenge, boast, vaunt

আস্ফালন (आस्फालन āshfālan)—*n* दम्भ, घमण्ड, ललकार, act of bragging or boasting or vaunting

আস্য (आस्य, āshya)—*n* मुँह, मुख, चेहरा, the face, the mouth —বিবর (आस्यविवर, āshyabibar)—*n* मुखगह्वर, hollow of the mouth, mouth

আস্বাদ (आस्वाद, āshshād)—*n* स्वाद, मजा, taste, savour,

relish —ন (আস্বাদন, ashshadan) —*n* स्वाद ग्रहण, सुखानुभव, act of tasting or enjoying

আহত (आहत, ahata)—*a* घायल, आघातप्राप्त, hurt, struck, beaten, wounded

আহব (आहव, ahaba)—*n* द्वंद्व, युद्ध, लड़ाई, होम, यज्ञ, war, battle, fight, sacrifice, oblation

আহরণ (आहरण, aharan)—*n* संग्रह, collection, gathering

আহা (आहा, aha)—*ind* हाय, अहा, आहा, (expressing sorrow) ah, aha, alas, etc —করা (आहा करा, aha kara)—*v* दुख या शोक प्रकट करना, to express sorrow pity grief regret —মরি (आहामरि, ahamari)—*ind* क्या खूब ! कैसा सुन्दर ! excellent, wonderful, stunning, topping

আহাম্মক (आहाम्मक, ahammak) —बेवकूफ, मूर्ख, lacking of common sense, foolish

আহাম্মকি (आहाम्मकि ahammaki) —*n* बेवकूफी, मूर्खता, foolishness, stupidity

আহার (आहार, ahar)—*a* खाद्य, भोजन, खाना, act of eating, food, a meal

আহার্য (आहार्य, aharjya)—*n* खाद्यवस्तु, खानेकी चीज, food, victuals —*a* खाने योग्य, संग्रहणीय, eatable, edible, fit to be procured or collected

আহীর (आहीर, ahir)—*n* अहीर, ग्वाला, cowherd, milkman

আহুত (आहुत, ahuta)—*a* हवनमें प्रदत्त, उत्सर्गीकृत, sacrificed

আহুতি (आहुति, ahuti)—*n* होम, हवन, a burnt-offering, an oblation, a sacrifice by fire

আহূত (आहूत, ahuta)—*a* आह्वान किया हुआ, निमन्त्रित, invited, called, asked to come

আহৃত (आहृत, ahrita)—*a* संगृहीत, एकत्रित, procured, collected, accumulated

আহ্নিক (आह्निक, ahnik)—*a* दैनिक, रोजाना, diurnal, daily —করা (आह्निक करा, ahnik kara)—*v* नित्यकर्म पूजापाठ आदि करना, to perform one's daily worship —গতি (आह्निक गति, ahnik gati)—*n* दैनिक गति, diurnal rotation

আহ্লাদ (आह्लाद, ahlad)—*n* आनन्द, हर्ष, delight, gladness

আহ্লাদে (आह्लादे, ahlade)—*a* अधिक आदर प्राप्त, दुलारा, सिरचढ़ा, too much coddled or fondled, over-indulged (*f* —আহ্লাদী) । —আটখানা (आह्लादे आटखाना, ahlade atkhana)—

a फूला न समाना, beside one-self with joy.

আহ্বান (आह्वान, ahban)—n बुलावा, पुकार, invitation, call, invocation

ই

ই—बंगला वर्णमालाका तीसरा स्वरवर्ण, ह्रस्व इ, the third vowel of the Bengali alphabet

ই (इ, i)—ind ही, निश्चयार्थक अव्यय, सिर्फ, suffix denoting certainty, emphasis, only

ইউনানী (इउनानी, unani)—a यूनानी, यूनान देश संबन्धी, यूनानका, Greek, a native or language of Greece, the Ionian system of medicine

ইংরাজ, ইংরেজ (इंगराज, इंगरेज, ingraj, ingrej)—n अंग्रेज, an Englishman, the English

ইংরাজী ইংরেজী (इंगराजी, इंगरेजी, ingraji, ingreji)—n अंग्रेजी-भाषा, the English language

ইঃ (इः , ih)—ind विस्मय, दुःख, अधीरता आदि भावसूचक शब्द, a word expressing wonder curiosity, grief and anxiety

ইক্ষু (इक्षु, ikkhu)—n ऊख, गन्ना, आँख, sugar-cane

ইঙ্গিত (इंगित, ingit)—n इशारा संकेत, hint, gesture —ইঙ্গিতে (इंगिते, ingite)—adv इशारेसे, by signs or hints

ইঁচড় (इंचड़, inchar)—n कच्चा कटहल, an unripe jack fruit —ইঁচড়ে পাকা (इंचड़े पाका, incharé paka)—a छोटी अवस्थामें पका, अकालपक्व, to become precocious

ইচ্ছা (इच्छा, ichchha)—n अभिलाषा, आकांक्षा, चाह, कामना, ख्वाहिश, इच्छे, will, desire, liking, choice, wish, inclination

ইচ্ছু, ইচ্ছুক (इच्छु, इच्छुक, ichchhu, ichchhuk)—a चाहनेवाला, प्रार्थी, willing, desirous, intending

ইজা (इजा, ija)—a अग्रनीत, brought forward or carried over (as in accounts)

ইজার (इजार ijar)—n पायजामा, जांघिया, इजेर, short trousers

ইজারা (इजारा, ijara) पट्टा, इजारा, lease leasehold

ইজ্জৎ (इज्जत, ijjat)—n मर्यादा, प्रतिष्ठा, सम्मान, आबरू, prestige, dignity, honour, chastity

ইঞ্চি (इञ्चि, inchi)—n इंच, inch

ইঞ্জিন (इञ्जिन, injin)—n इंजन, an engine.

ইঞ্জিনিয়ার (इञ्जिनियार, injiniar) —n इंजीनीयर, engineer

ইট (ईट, it)—*n.* ईंट, ईंटा, brick —খোলা (इटखोला, itkholā)—*n* ईंटा बनाने का स्थान, brick-field —পাটকেল (इटपाटकेल, itpātkel) —*n* ईंटके टुकड़े, bricks and brickbats

ইতর (इतर, itar)—*a* निम्नश्रेणीका, अन्य, दूसरा, साधारण, low, inferior, other, different, ordinary. —তা, —পনা (इतरता, इतरपना, itaratā, itarpanā)—*n* नीचता, इतरपन, कमीनापन, baseness, meanness, narrowness, vulgarity —বিশেষ (इतरविशेष, itar-bishesh)—*n* तारतम्य, भेद, पार्थक्य, difference, disparity distinction

ইতঃপূর্বে (इत पूर्वे, itahpurbe)—*adv* इससे पहले, before this, heretofore, previously

ইতস্ততঃ (इतस्तत, itastatah)—*adv* इधर उधर, चारों ओर, here and there, hither and thither —*n* दुबधा, संशय, पसोपेश, hesitation, stammering

ইতি (इति, iti)—*n* समाप्ति, शेष, end, termination, conclusion —*adv* ऐसे, इसतरह, इसके लिए, thus, in this manner —করা (इतिकरा, itikarā)—*v* समाप्त करना, to finish, to conclude, to put an end to —কথা (इतिकथा, itikathā)—*n* कहानी, इतिहास, a tale, a legend, chronicle, history —কর্তব্য (इतिकर्तव्य, itikartabya)—*n* करने योग्य काम, कर्तव्य, proper and necessary work, duty, obligation —বৃত্ত (इतिवृत्त)—*n* इतिहास, वृत्तान्त, a history, a chronicle —মধ্যে (इतिमध्ये, itimadhye)—*adv* इस समयके भीतर, इतनेमें, in the mean time, in the interval, meanwhile, in the interim —হাস (इतिहास) —*n* इतिहास, कहानी, history.

ইত্যবসরে (इत्यवसरे, ityabasare) *adv* see ইতিমধ্যে।

ইত্যাকার (इत्याकार, ityākār)—*a* इस प्रकार का, ऐसा, such

ইত্যাদি (इत्यादि, ityādi)—*adv.* आदि, इस प्रकार और भी, and so on, and so forth, *et cetera*

ইথে (इथे, ithe)—*adv* इसमें, ইহাতে, about this or in this

ইদানীং (इदानींग, idāning)—*adv* आजकल, इनदिनों, अब, at present, now-a-days

ইদানীন্তন (इदानीन्तन, idānintan) —*a* आजकलका, आधुनिक, recent, present day, of modern times

ইঁদারা, ইন্দারা (इन्दारा, indārā) —*n.* कुआं, इन्दारा, a large well

ইনি (इनि, ini)—*p* यह व्यक्ति, (सम्मानसूचक), आप, this person (respectful)

ইন্দিবর (इन्दिवर, indibar)—*n* नीलकमल, the blue lotus

ইন্দু (इन्दु, indu)—*n* चन्द्रमा, चाँद, the moon

ইন্দুর, ইঁদুর (इन्दुर, indur)—*n* चूहा, मूसा, the rat, the mouse

ইন্দ্রজাল (इन्द्रजाल, indrajāl)—*n* जादू, माया, magic, jugglery, camouflage

ইন্দ্রিয় (इन्द्रिय, indriya)—*n* विषय ज्ञान की शक्ति और उसके छ अवयव या उपकरण, जैसे आँख, कान, नाक, जीभ, त्वचा और मन, sense organ six in number eye, ear, nose, tongue, skin and mind

ইন্ধন (इन्धन, indhan)—*n* जलानेकी लकड़ी या कंडा, जलावन, जरनी, fuel, stimulent, fillip, wood

ইয়ত্তা (इयत्ता, iyattā)—*n* सीमा, परिमाण, संख्या, limit. (reckoning of) number or quantity

ইয়ার (इयार, iyār)—*n* यार, दोस्त, रसिक, a friend, a companion, a jocose —कि (इयारकि)—*n* रसिकता, हँसी दिल्लगी, इयार्कि, waggery, light merry making

ইয়ে (इये, iye)—*ind* विस्मृत शब्दके बदले प्रयुक्त शब्द, indicating failure to remember something, what-do-you call-it.

ইরান (इरान, irān)—*n* ईरान, फारस Persia

ইরানী (इरानी, irāni)—*a* फारसका, Persian, Iranian —*n* फारसी, the language of Persia or Iran, Iranian, Persian

ইলিশ (इलिश, ilish)—*n* हिल्सा मछली, the name of a fish, the *hilsha*.

ইলেক (इलेक, ilek)—*n* रुपया पैसा मन सेर आदि लिखनेका चिह्न, a curved pen-stroke on the left or right of a figure, a stroke

ইল্লত (इल्लत, illat)—*n* गन्दगी, कचड़ा, filthiness, dirtiness

ইশ, ইস (इश, ish)—*ind* विस्मय, दुख या क्लेशसूचक शब्द, a word expressing amazement pain grief sorrow etc, ah

ইষ্ট (इष्ट, ishta)—*a* इष्ट, इच्छित, आकांक्षित, पूज्य, प्रिय, intended desired, worshipful, beloved —কুটুম্ব (इष्टकुटुम्ब)—*n pl* कुटुम्ब आदि, कुटुम्बगण, one's Kinsman both from father's side and mother's side

ইষ্টক (इष्टक, ishtak)—*n*. ईंट, brick.

ইসবগুল (इसबगुल, isabgul)—*n*. इसबगोल, a medicinal seed, plantago ovator

ইসলাম (इसलाम, islām)—*n* इसलाम, मुसलमान धर्म या जाति, Islam, the Islamic religion or race

ইসলামী (इसलामी, islāmi)—*a.* इसलामका, मुसलमानी, Islamic.

ইস্তক (इस्तक, istak)—*adv* तक, पर्यन्त, up to, till.

ইস্তাহার (इस्ताहार, istāhār)—*n* इश्तहार, विज्ञापन, a proclamation, a public announcement, an advertisement

ইস্তিরি (इस्तिरि, istiri)—*n* इस्तिरी, ইস্ত্রি, a smoothing-iron, calender, ironing

ইস্পাত (इस्पात, ispāt)—*n* फौलाद, steel.

ইহ (इह, iha)—*adv.* यहाँ, इस संसारमें, here, in this world. —লোক (इह लोक)—*n.* यह लोक, यह ससार, this world.

ইহা (इहा, ihā)—*p.* यह, this, it.

ইহারা (इहारा, ihārā)—*p.* ये, these, they

ইহুদী (इहुदी, ihudi)—*n.* यहूदी, a Jew, a Hebrew.

ঈ

ঈ (ई) बंगला वर्णमालाका चौथा स्वर, जो इ का दीर्घ रूप है, the fourth vowel of Bengali alphabet.

ঈক্ষণ (ईक्षण, ikkhan)—*n* दर्शन, दृष्टि, sight, act of seeing, observation

ঈগল (ईगल, igal)—*n* उकाब गरुड़, an Eagle.

ঈদ (ईद, id)—*n* मुसल्मानोंका एक प्रधान त्यौहार, one of the chief Muslim festivals. —গা,-গাহ (ईद्गा, ईदगाह)—*n* वह स्थान जहाँ मुसलमान लोग इकट्ठे होकर ईदके दिन नमाज पढते है, a place or building where the Muslims assemble for prayer on the occasion of *Id*

ঈদৃশ (ईदृश, idrisha)—*a* इस प्रकारका, ऐसा, such, like this

ঈপ্সা (ईप्सा, ipshā)—*n* इच्छा, लालच, लोभ, desire to obtain, desire, longing

ঈপ্সিত (ईप्सित, ipshita)—*a* प्रार्थित, वाञ्छित, आकांक्षित desired, longed for. (*f*—ঈপ্সিতা)।

ঈপ্সু (ईप्सु, ipshu)—*a.* पानेके इच्छुक, desirous.

ঈর্ষা (ईर्षा, irsha)—*n* डाह, द्वेष, malice, envy.

ঈশ (ईश, isha)—*n* ईश्वर, प्रभु, God, Lord, Master.

ঈশা (ईशा, ishā)—*n.* ईसामसीह যীশুখ্রীষ্ট Jesus Christ.

ঈশ্বর (ईश्वर, ishshar)—*n* सृष्टिकर्ता, सिरजनहार, खुदा, God, Lord

of the universe.

ঈষৎ (ईषत, ishat)—a. adv. थोड़ा, कुछ, जरासा, a little, a bit, slight or silghtly.

ঈষদুষ্ণ (ईषदुष्ण, ishadushna)—a थोड़ा गरम, गुनगुना moderately warm, tepid, lukewarm

ঈহা (ईहा, iha)—n. इच्छा, अभिलाषा, चेष्टा, wish desire, intention, endeavour

উ

উ (उ, u) बंगला वर्णमालाका पाँचवाँ स्वर, the fifth vowel of the Bengali alphabet.

উই (उइ, ui)—n दीमक, white ant, termite —ঢিবি (उइ ढिबि, ui dhibi)—n वल्मीक, बाँबी, an ant-hill

উইল (उइल, uil)—n इच्छापत्र, वसीयतनामा, will, a testament.

উঃ (उः, uh)—ind विस्मय क्रोध दुःख या अधीरता सूचक शब्द, a word expressing, amazement, anger, sorrow, pain, impatience etc.

উঁকি (उँकि, unki)—n. झाँक, ताँक-झाँक, छिपकर देखनेकी क्रिया, a peep, a prying —মারা (उँकि मारा, unki mara —v झाँकना, to peep. —ঝুঁকি (उँकि झुँकि, unki jhunki)—n ताक-झाँक, peeping and prying

উকিল (उकिल, ukil)—n वकील, पक्ष करनेवाला a pleader, an advocate

উকুন (उकुन, ukun)—n, जूँ (जो केशोंमें पैदा होता है), चीलर, louse.

উক্ত (उक्त ukta)—a कथित, कहा हुआ, spoken, said, mentioned.

উক্তি (उक्ति, ukti)— n वचन, कथित वाक्य, a speech, a statement, an expression.

উখড়ানো (उखड़ानो ukhrano)—v. उखाड़ना, to uproot, to exterpate

উখল (उखल, ukhal)—n. ओखली, उदूखल, a mortar.

উখা (उखा ukha)—n रेती, উখা, রেত, a file, a rasp.

উগরানো (उगरानो, ugrano)—v. के करना, वमन करना, to vomit, to expel from the stomach. উগরাইয়া চিবানো (उगराइया चिबानो, ugraiya chibano) —v. पागुर करना, जुगाली करना, to chew the cud, to ruminate

উগ্র (उग्र, ugra)—a प्रचण्ड, उत्कट, तेज, तीव्र, violent, hot, strong, harsh, fierce.

উচা (उचा, ucha)—n ऊँचा, high, elevated, tall.

উচাটন (उचाटन, uchātan)—*n* उत्कंठा, बेचैनी, व्याकुलता, घबड़ाहट, anxiety, restlessness, dejection, over-eagerness

উচিত (उचित, uchit)—*a* वाजिब, मुनासिब, योग्य, ठीक, just, reasonable, proper, right

উচু (उचु, uchu)—*a* ऊँचा, उच्च, high, lofty, tall

উচোট (उचोट, uchot)—*n* ठोकर, হোঁচট, হুঁচট, stumble

উচ্চ (उच्च, uchcha)—*a*. ऊँचा, उन्नत, बुलन्द, high, tall, elevated

উচ্চারণ (उच्चारण, uchchāran)—*n* वाक्य कथन, उच्चारण, pronunciation, utterance

উচ্চাশয় (उच्चाशय, uchchāshaya) —*a* उदारचेता, महाशय, noble-minded, high-souled

উচ্চাশা (उच्चाशा, uchchāshā)—*n* उच्चाकाक्षा, बड़ी या महत्वकी आकाक्षा, ambition, aspiration

উচ্চিংড়া (उच्चिंङ़ा, uchchingrā) —*n* झींगुर-सा एक फतिंगा, a kind of insect akin to the cricket

উচ্চৈঃস্বরে (उच्चै स्वरे, uchchaishsharē)—*adv* ऊँची आवाजसे, in a loud voice

উচ্ছন্ন (उच्छन्न, uchchhanna)—*a* वरवाद, आवारा, উৎসন্ন, ruined, destroyed, gone to the dogs

উচ্ছল (उच्छल, uchchhal)—a छलकता हुआ, फूला हुआ, spread on all sides, over-spread.

উচ্ছিন্ন (उच्छिन्न, uchchhinna)—*a*. उजाड़, नष्ट, वरवाद, eradicated, ejected, abolished

উচ্ছিষ্ট (उच्छिष्ट, uchchhista)—*n*. जूठा, এটো, remains of a meal, leavings —*a* भुक्तावशेष, left, remaining

উচ্ছৃঙ্খল (उच्छृ खल, uchchhrinkhal)—विशृ खल, आवारा, स्वेच्छाचारी, এলোমেলো, unrestrained, perverse, irregular

উচ্ছে (उच्छे, uchchhē)—*n* छोटा करेला, a variety of kitchen vegetable having bitter taste

উচ্ছেদ (उच्छेद, uchchhēd)—*n*. समूल ध्वस, नाश, वरबाद, eradication, extirpation, ejectment.

উচ্ছ্বসিত (उच्छ्वसित, uchchhashita)—*a* उत्फुल्ल, उमगसे उछलता हुआ, impassioned, seized with over mastering emotion

উচ্ছ্বাস (उच्छ्वास, uchchhāsh)—*a*. उल्लास, भावावेग, an emotional outburst, great delight

উজবুক (उजबुक, ujbuk)—*a* उजबक, मूर्ख, बेवकूफ, stupid, ignorant, idiot

উজল (उजल, ujal)—*a* see উজ্জ্বল ।

উজাড (उजाड़, ujār)—n उजाड़, उच्छिन्न, ध्वस्त, void, deserted, desolate, devastated

উজান (उजान, ujān)—n (नदीमें) प्रवाहकी विरुद्ध दिशा, भाँटि, a course against the current, an upstream course

উজির (उजिर, ujir)—n वजीर, मन्त्री, a minister, a councillor of state.

উজুহাত (उजुहात, ujuhāt)—n उजूदारी, बहाना, अछिला, उजर, a plea, a pretence, a pretext, an apology

উজ্জীবিত (उज्जीवित, ujjibita)—a सजीवित, जिलाया हुआ, infused with a new life, regenerated, revived, resuscitated

উজ্জ্বল (उज्ज्वल, ujjal)—a उज्ज्वल, दीप्तिमान, प्रकाशमान, illuminated, bright, shining, dazzling

উঞ্ছ (उञ्छ, unchha)—n अन्नके छोड़े हुए दाने चुन लेनेका काम, हीन नीच या तुच्छ आजीविका, gleaning of rejected grains of corn, a mean livelihood —বৃত্তি (उञ्छवृत्ति, unchhabritti)—n उञ्छकर्म या हीनकर्मद्वारा प्राप्त आजीविका, subsistence by gleaning, a most beggarly or mean living or calling.

উট (उट, ut)—n ऊँट, camel.

উটকো (उटको, utkō)—a अपरिचित, अनजान, आवारा, unknown, strange vagabond

উটজ (उटज, utaja)—n झोपड़ी, कुटी, घास-फुसका घर, a hut thatched with straw, a thatched hut. —শিল্প (उटज शिल्प, utaja shilpa)—n कुटीर शिल्प, ग्रामोद्योग, cottage industry

উটপাখী (उटपाखी, utpākhi)—n शुतुरमुर्ग, ostrich

উঠতি (उठति, uthti)—n वृद्धि, उन्नति, rise, growth—a. बढ़ने वाला, rising, increasing —বয়স (उठति वयस, uthti bayash) —n जवानी, adolescence.

উঠন (उठन, uthan)—n. उठनेकी क्रिया, act of ascending or rising —n see উঠান।

উঠন্ত (उठन्त, uthanta)—a उगने वाला, rising, growing উঠন্ত মূলো পত্তনে চেনা যায় (उठन्त मूलो पत्तने चेना जाय)। सुबहका आसमान दिनका सूचक है, morning shows the day

উঠ্-বস করা (उठ-वस करा, uthbosh kara)—v उठना और बैठना, उठ-बैठ व्यायाम करना, to practise a kind of exercise by repeated sitting down and standing up alternately.

উঠা (उठा, utha)—*v* उठना, जागना, चढना, उगना, to get up, to rise, to climb, to grow
উঠাউঠি (उठाउठि, uthauthi)—*adv* बारबार, क्रमश , लगातार, repeatedly, one upon another
উঠান (उठानो, uthano)—*v* उठाना, जगाना, चढाना, to raise, to awake, to cause to ascend
উঠান্ (उठान्, uthan)—*n* आँगन, আঙিনা, courtyard
উঠানামা (उठानामा, uthanama) —*v*, चढना-उतरना, act of ascending and descending,
উড়তি (उड़ति, urti)—*a* उड़नेवाला, উড়ন্ত, flying, on the wing
উড়নচড়ে (उड़नचड़े, urancharē) —*a*. फिजुल खर्च, अपव्ययी, উড়নচণ্ডে, possessing the havit of a spendthrift, wasteful, extravagant (*f*.—উড়নচণ্ডী)
উড়ন্ত (उड़न्त, uranta)—*a* उड़ता हुआ, flying
উড়া, ওড়া (उड़ा, ओड़ा, urā, orā) —*v* उड़ना, to fly, disappear.
উড়ান (उड़ानो, urano)—*v*. उड़ाना, to cause to fly.
উড়িয়া (उड़िया, uriya)—*n*. ओड़िया, ओड़िसा निवासी, ओड़िया भाषा, a resident of Orissa, the Oriya language
উড়িষ্যা (उड़िष्या, urishya)—*n* ओड़िसा देश, Orissa
উড়ু উড়ু (उड़ु उड़ु, uru uru) —*v* उड़ने या भागनेके लिए तैयार, अस्थिर, ready to take flight, restless, impatient
উড়ুক্কু (उड़ुक्कु, urukku)—*a*. उड़ सकनेवाला, that can fly —মাছ (उड़ुक्कुमाछ, urukku machh) —*n* उड़ सकनेवाली मछली, a flying fish
উড়োজাহাজ (उड़ोजाहाज, uro-jahaj)—*n* हवाई जहाज, an aircraft, an aeroplane
উড্ডয়ন (उड्डयन, uddayan)—*n* वायुमे विचरण, उड़नेकी क्रिया, the act of flying, flight
উড্ডীন (उड्डीन, uddin)—*a* उड़ता हुआ, flying up
উতরান (उतरानो, utrano)—*v* उतरना, सफल होना, to come down, to become successful
উতরোল (उतरोल, utarol)—*n* शोरगोल, हल्ला, কোলাহল, tumult, restlessness
উতলা (उतला, utala)—*a* उद्विग्न, व्याकुल, anxious, worried, impatient
উতলান (उतलानो, utlano)—*v* उबल पड़ना, উথলান, to boil over
উৎকট (उत्कट, utkat)—*a* उग्र,

তীব্র, বিকট, severe, excessive, abnormal, odd

উৎকণ্ঠা (उत्कण्ठा, utkantha)—n उद्वेग, शका, भय, घबराहट, uneasiness, anxiety, worry

উৎকণ্ঠিত (उत्कण्ठित, utkanthita) —a व्याकुल, घबराया हुआ, worried, anxious

উৎকর্ণ (उत्कर्ण, utkarna)—a कान खड़ा, सुननेके लिए व्यग्र, with the ears pricked up, eagerly attentive.

উৎকর্ষ (उत्कर्ष, utkarsha)—n उन्नति, श्रेष्ठत्व, बड़ाई, improvement, superiority

উৎকল (उत्कल, utkal)—n ओड़िसा, Orissa, a state in the Indian Union

উৎকীর্ণ (उत्कीर्ण, utkirna)—a खोदा हुआ, लिखा हुआ, engraved, inscribed, pierced

উৎকৃষ্ট (उत्कृष्ट, utkrishta)—a उत्तम, उमदा, श्रेष्ठ, excellent, superior, eminent

উৎকোচ (उत्कोच, utkoch)—n घूस, रिश्वत, bribe —গ্রাহী (उत्कोचग्राही, utkochgrahi)—n रिश्वत लेनेवाला, घूसखोर, one who takes a bribe —দেওয়া (उत्कोच देवा, utkoch dewa) घूस देना, to bribe —দাতা (उत्कोचदाता, utkoch data), घूस देनेवाला, briber —দান (उत्कोचदान, utkochdan)—n घूस देनेका काम, bribery.

উৎক্ষিপ্ত (उत्क्षिप्त, utkhipta)—a उछला हुआ, उखाड़ा हुआ, thrown up, ejected, lifted, uprooted, tossed up

উৎক্ষেপ (उत्क्षेप, utkhep)—n. उछाल, ऊपरकी ओर निक्षेप या फेंकाव, উৎক্ষেপণ, act of throwing up, vomiting

উৎখাত (उत्खात, utkhat)—a उखाड़ा हुआ, uprooted, eradicated, extirpated, dug up

উত্তপ্ত (उत्तप्त, uttapta)—a खूब तपा हुआ, बहुत गर्म, क्रोधित, उत्तेजित, extremely heated, hot, enraged, excited

উত্তম (उत्तम, uttam)—a श्रेष्ठ, अच्छा, सबसे भला, very good, excellent, best —পুরুষ (उत्तम पुरुष, uttampurush)—n the first person —মধ্যম (उत्तम मध्यम, uttam madhdham)—n खूब मार या प्रहार, sound drubbing or beating —উত্তম-মধ্যম দেওয়া (उत्तम-मध्यम देवा, uttammadhdham dewa)—v. अच्छी तरहसे मरम्मत करना, to give a sound beating

উত্তমর্ণ (उत्तमर्ण, uttamarna)—n महाजन, कर्ज देनेवाला, creditor,

money-lender

উত্তমাঙ্গ (उत्तमाङ्ग, uttamānga) —*n* मस्तक, सिर, the principal part of the body, the head, the upper part of the body

উত্তমোত্তম (उत्तमोत्तम, uttamottam)—*a* उत्तमसे उत्तम, अच्छेसे अच्छा, super-excellent

উত্তর (उत्तर, uttar)—*n* जवाब, answer, reply, response

উত্তরণ (उत्तरण, uttaran)—*n* पार गमन, दूसरे पार उतरना, गन्तव्य स्थानमे पहुँचना, act of crossing or passing over, arrival, ascension, act of landing or alighting

উত্তরাধিকার (उत्तराधिकार, uttarādhikār)—*n*. वरासत, inheritance, right of succession

উত্তরাধিকারী (उत्तराधिकारी, uttarādhikārī)—*n*. वारिस, a successor, an inheritor, an heir

উত্তরাপথ (उत्तरापथ, uttarāpath) —*n* उत्तर भारत, उत्तराखण्ड, the part of India lying between the Himalayas and the Vindhyas, Northern India

উত্তরায়ণ (उत्तरायण, uttarāyan) —*n* सूर्यकी मकर रेखा से उत्तर कर्कट रेखाकी ओर गति, the period when the sun moves on the north of the equator, the summer solstice

উত্তরার্ধ (उत्तरार्ध, uttarārdha) —*n* पिछला आधा, पीछेका अर्द्ध भाग, the last half, the latter half, the other half

উত্তরীয় (उत्तरीय, uttarīya)—*n* दुपट्टा, चद्दर, ओढना, a scarf, a modesty scarf, a stole

উত্তরোত্তর (उत्तरोत्तर, uttarottar) —*adv*. एक के पीछे एक, क्रमशः, लगातार, successively, one after another, gradually

উত্তান (उत्तान, uttān)—*a* पीठको जमीनपर लगाये हुए, चित, lying on the back, supine

উত্তাপ (उत्ताप, uttāp)—*n* ताप, गर्मी, heat, warmth.

উত্তাল (उत्ताल, uttāl)—*a*. बहुत ऊँचा, very high, lofty.

উত্তীর্ণ (उत्तीर्ण, uttīrna)—*a*. दूसरे पार गया या पहुँचा हुआ, कृतकार्य, कामयाब, passed over, got-over, successful

উত্তুঙ্গ (उत्तुङ्ग, uttunga)—*a*. बहुत ऊंचा, very high or tall, lofty

উত্তেজক (उत्तेजक, uttējak)—*a* उभाड़ने बढाने या उकसानेवाला, प्रेरक, encouraging, exciting, instigating, provocative

উত্তেজনা (उत्तेजना, uttējanā)—*n* बढावा, प्रोत्साहन, वेगोंको तीव्र करनेकी क्रिया, encouragement,

excitement, agitation.

উত্তেজিত (उत्तेजित, uttejita)—उत्तेजनाप्राप्त, उद्दीपित, encouraged, excited, agitated

উত্তোলন (उत्तोलन, uttolan)—n ऊपर उठानेकी क्रिया, act of raising or lifting —করা (उत्तोलन करा, uttolan karā)—v ऊपर उठाना, to raise, to lift

উত্তোলিত (उत्तोलित, uttolita) —a. ऊपर उठाया हुआ, raised or lifted up, elevated

উত্যক্ত (उत्यक्त, uttakta)—a सताया हुआ, दिक, vexed, annoyed, harassed, disgusted

উত্থান (उत्थान, utthān)—n उन्नति, उठना, विद्रोह, बगावत, act of getting up, rise, insurgence, rebellion —পতন (उत्थान-पतन utthān-patan)—n. उन्नति और अवनति, rise and fall

উত্থাপক (उत्थापक, utthāpak) —a, n प्रस्ताव करनेवाला, one who brings forward or moves or proposes

উত্থাপন (उत्थापन, utthāpan)—n. उत्तोलन, प्रस्तावना, उल्लेख, act of raising a thing up, act of bringing moving or proposing, mention

উত্থিত (उत्थित, utthita)—a खड़ा, निकला हुआ, उन्नत, विद्रोहके लिए तैयार, erected, risen, grown, risen in rebellion

উৎপত্তি (उत्पत्ति, utpatti)—n. जन्म, पैदाइस, कारण, मूल, birth, origin, cause, source

উৎপন্ন (उत्पन्न, utpanna)—a. उद्भूत, पैदा, born, produced, sprung from, grown up

উৎপল (उत्पल, utpal)—n पद्म, नील कमल, lotus, blue lotus

উৎপাটন (उत्पाटन, utpātan)—n उखाड़ना, act of uprooting, eradication, eviction

উৎপাটিত (उत्पाटित, utpātita) —a उखड़ा हुआ, uprooted

উৎপাত (उत्पात, utpāt)—n. उपद्रव, आफत, ऊधम, शरारत, दंगा, अत्याचार, disturbance, oppression, pestilence, outrage.

উৎপাদক (उत्पादक, utpādak)—a, n उत्पन्न करनेवाला, productive, generative, creative, causative, generator

উৎপীড়ন (उत्पीड़न, utpiran)—n निग्रह, अत्याचार, सताना, कष्ट पहुँचाना, oppression, harassment, molestation, tyranny.

উৎপীড়িত (उत्पीड़ित, utpirita) —a निगृहीत, सताया हुआ, oppressed, harassed, molested

উৎফুল্ল (उत्फुल्ल, utfulla)—a,

প্রফুল্ল, खुश, cheerful, delight ful, exultant, elated

উৎস (उत्स, utsha)—*n* झरना, फुहारा, उत्पत्ति स्थान, ফোয়ারা, fountain, spring, source

উৎসন্ন (उत्सन्न, utshanna)—*a* *see* উচ্ছন্ন।

উৎসর্গ (उत्सर्ग, utsharga)—*n* त्याग, न्योछावर, समर्पण, sacrifice, dedication, offering

উৎসব (उत्सव, utshab)—*n* आनन्दपूर्ण अनुष्ठान, समारोह, पर्व, festival, an occasion of delight or rejoicing

উৎসাদন (उत्सादन, utshādan)—*n* उच्छेद, उत्पात, ध्वंस, उन्मूलन, extirpation, eradication, destruction, eviction

উৎসাদিত (उत्सादित, utshādita) —*a* जिसका उत्सादन किया गया हो, extirpated, eradicated, destroyed, evicted.

উৎসাহ (उत्साह, utshāha)—*n* उमग, उछाह, जोश, हौसला, हिम्मत, ardour, zeal, enthusiasm, encouragement, impetus

উৎসাহী (उत्साही, utshāhi)—*a* उत्साहयुक्त, हौसलेवाला, zealous, enthusiastic, energetic

উৎসুক (उत्सुक, utshuk)—*a* अत्यन्त इच्छुक, किसी वस्तुको पानेके लिये उत्कट अभिलाषा वाला, eager, desirous, striving or endeavouring for an object

উৎসৃষ্ট (उत्सृष्ट, utsrista)—*a* उत्सर्ग किया हुआ, कृष्णार्पित, त्याग किया हुआ, forsaken, sacrificed, dedicated, offered up in sacrifice

উথলানো (उथलानो, uthlāno)—*v* उबल पड़ना, to swell up, to overflow, to surge up

উদক (उदक, udak)—*n* पानी, जल, water , उत्तर दिशा, the northern direction

উদকুম্ভ (उदकुम्भ, udakumbha)—*n* पानीका घड़ा, water jar

উদগ্র (उदग्र, udagra)—*a* ऊँचा, ऊपरको नोकवाला, धृष्ट, उद्धत, तीव्र, high, pointing upwards, arrogant, haughty, intense.

উদ্‌জান (उद्‌जान, udjān)—*n*. हाइड्रोजेन गैस, hydrogen.

উদধি (उदधि, udadhi)—*n*. समुद्र, सागर, ocean, sea

উদয় (उदय, udôy)—*n* आविर्भाव, उत्थान, प्रथम प्रकाश, appearance or coming into view, rise

উদয়াস্ত (उदयास्त, udayāsta) —*n*. उदय से अस्त तक समय, the time from sunrise to sunset —*adv* दिनभर, from sunrise to sunset, throughout the whole day

উদর (उदर, udar)—*n* पेट, belly —পরায়ণ (उदरपरायण) —*a* पेटू, gluttonous, voracious. —সাৎ (उदरसात्, udarshāt)—*a* हजम, गबन, consumed,, eaten, appropriated. —স্থ (उदरस्थ, udarastha)—*a* खाया हुआ, भक्षित, eaten up, swallowed, devoured

উদরান্ন (उदरान्न, udarānna)— —*n* खाद्य, भोजन, जीविका, food, indispensable food, living

উদরাময় (उदरामय udarāmaya) —पेटकी बीमारी, अतिसार, diarrhoea, dysentery

উদরী (उदरी, udari)—*n.* पेटमें पानी भर जानेका रोग, dropsy

উদলা (उदला, udlā)—*a* नगा, उघाड़ा, आवरण-रहित, uncovered, bare, naked

উদাত্ত (उदात्त, udātta)—*a* उच्च, उदार, महान, high, sharp, noble, generous, great.

উদাস (उदास, udash)—*n* विराग, unconcern, indifference apathy —*a.* उदासीन, अनुराग हीन, विरागी, indifferent, disinterested to worldly affairs

উদাসীন (उदासीन, udāshin)— *a.* विरक्त, निर्लिप्त, रागद्वेषरहित, indifferent, unconcerned with the worldly affairs —তা (उदासीनता, udāshinatā)—*n.* निर्लिप्तता, वैराग्य, indifference, disinterestedness, apathy

উদাহরণ (उदाहरण, udaharan)— *n* दृष्टान्त, मिसाल, example, instance, illustration

উদিত (उदित, udita)—*a* उगा हुआ, चढ़ा हुआ, risen, risen up, ascended appeared

উদীচী (उदीची, udichi)—*n* उत्तर दिशा, the north

উদীয়মান (उदीयमान, udiyamān) —*a* उठनेवाला, उन्नत होनेवाला, rising, ascending, flourishing

উদুখল (उदुखल, udukhal)—*n* ओखली, a mortar for grinding or husking corn

উদো (उदो, udo)—*a* मूर्ख, बेवकूफ, dull-witted, stupid

উদ্গত (उद्गत, udgata)—*a* उद्भूत, निकला हुआ, उठा हुआ, produced, grown, sprouted

উদ্গম (उद्गम्, udgam)—*n* उद्भव, उदय, shooting forth, ascent, growth

উদ্গাতা (उद्गाता, udgātā)—*a*, *n* सामवेद गान करनेवाला, ऊँचे स्वरसे गानेवाला, a singer of the *Samaveda*, singer in a loud voice

উদ্গার (उद्गार, udgār)—*n* डकार, ढेकुर, belching, vomit.

উদ্‌গ্রীব (उद्ग्रीव, udgrib)—*a* अत्यन्त आग्रही, उत्सुक, व्यग्र, extremely eager, anxious

উদ্‌ঘাটক (उद्घाटक, udghātak) —*a*. खोलनेवाला, an opener

উদ্‌ঘাটন (उद्घाटन, udghātan) —*n* खोलनेकी क्रिया, act of uncovering or opening —*a* উদ্ঘাটিত (उद्घाटित. udghātita) —*a* खुला, प्रकट, uncovered, opened

উদ্দাম (उद्दाम, uddām)—*a* अति प्रबल, उद्दण्ड, indomitable, uncontrollable, violent

উদ্দিষ্ট (उद्दिष्ट, uddista)—*a* लक्षित, कथित, उक्त, aimed at, referred to, mentioned

উদ্দীপক (उद्दीपक, uddipak)—*a* प्रकाशक, उभाड़नेवाला, उत्तेजक, luminous, splendid, exciting

উদ্দীপনা (उद्दीपना, uddipanā) —*n* उत्तेजना, उत्साह, प्रेरणा, incitement, inspiration, encouragement

উদ্দীপিত (उद्दीपित, uddipita)— उत्तेजित, प्रोत्साहित, प्रज्ज्वलित, excited, encouraged, inflamed

উদ্দীপ্ত (उद्दीप्त, uddipta)—*a* प्रोत्साहित, उत्तेजित, inflamed, blazing, flared up, excited

উদ্দেশ (उद्देश, uddesh)—*n* उद्देश्य लक्ष्य, पता, aim, motive, trace

উদ্দেশ্য (उद्देश्य, uddeshya)—*n*. लक्ष्य, अभिप्राय, आशय, intention, purpose, object, motive

উদ্ধত (उद्धत, uddhata)—*a* ढीठ, गवाँर, घमडी, rude, impudent, arrogant, proud

উদ্ধরণ (उद्धरण, uddharan)—*n*. उल्लेख, उद्धार, मुक्ति, quotation, citation, act of rescuing.

উদ্ধার (उद्धार, uddhār)—*n* मुक्ति, परित्राण, निष्कृति, उत्तोलन, उन्नयन, rescue, deliverance, recovery, removal, uplifting

উদ্ধৃত (उद्धृत, uddhrita)—*a* रचनासे ज्यो का त्यो लिया हुआ, quoted, cited, taken, lifted

উদ্ধৃতি (उद्धृति, uddhriti)—*n* उत्तोलन, किसी रचनासे लिया हुआ ज्यो का त्यों अश, a raising or lifting up, a quotation or extract from a writing

উদ্বন্ধন (उद्बन्धन, udbandhan)—*n* फाँसी, the act of hanging by the neck

উদ্বিড়াল (उद्बिड़ाल, udbirāl)—*n* ऊदविलाव, जलमार्जार, fish-eating mammal, otter

উদ্বুদ্ধ (उद्बुद्ध, udbuddha)—*a* प्रबुद्ध, जागरित, चेतनाप्राप्त, awakened, aroused, opened

উদ্বোধন (उद्बोधन, udbōdhan) —*n* बोधोत्पादन, बोधन, जागरण, act of awakening, rousing

উদ্ভট (उद्भट, udbhat)—*a* अनोखा, अनूठा, विलक्षण, strange, unknown, fantastic, odd

উদ্ভব (उद्भव, udbhab)—*n* उत्पत्ति, जन्म, मूल, coming into existence, origination, birth

উদ্ভাবক (उद्भावक, udbhābak) —*a*, *n* आविष्कारक, रचयिता, inventing, creating, devising, designing, inventor, creator

উদ্ভাবন (उद्भावन, udbhāban)—*n* आविष्कार, invention, creation, act of devising

উদ্ভাস (उद्भास, udbhāsh)—*n* प्रकाश, दीप्ति, आभा, manifestation, exposition, glow

উদ্ভাসিত (उद्भासित, udbhāshita) —*a* प्रकाशित, उज्ज्वलता प्राप्त, illuminated, brightened (up)

উদ্ভিজ্জ (उद्भिज्ज, udbhijja)—*n* see উদ্ভিদ।

উদ্ভিদ্ (उद्भिद्, udbhid)—*a*, *n* जमीन फोड़कर निकलनेवाला वृक्ष लता इत्यादि, growing up from under the surface of the ground, plant or vegetable —বিদ্যা (उद्भिद्विद्या, udbhidbidyā)—*n* वनस्पतिशास्त्र, science of plants, Botany

উদ্ভিন্ন (उद्भिन्न, udbhinna)—*a*. अंकुरित, प्रकाशित, विकसित, sprouted, opened, developed

উদ্ভ্রান্ত (उद्भ्रान्त, udbhrānta) —*a* पागल, उन्माद, व्याकुल, पागल की तरह घूमनेवाला, maddened, bewildered, confused wandering like a mad

উদ্যত (उद्यत uddata)—*a* तैयार, तत्पर, प्रस्तुत, मुस्तैद, उठाया हुआ, ready, prompt, prepared, about to, raised, lifted

উদ্যম (उद्यम, uddam)—*n* प्रयत्न, प्रयास, उत्साह, effort, enthusiasm, enterprise

উদ্যান (उद्यान, uddān)—*n* बाग, बगीचा, garden, park, grove

উদ্‌যাপন (उद्यापन, udjāpan)—*n* संपादन, निर्वाह, समाप्ति, accomplishment, observance, performance, completion

উদ্যোগ (उद्योग, udyog, udjog)—*n* आयोजन, प्रस्तुति, चेष्टा, endeavour, exertion, preparation, readiness —করা (उद्योग करा, udjog karā)—*v* आयोजन करना, to make preparations

উদ্যোক্তা (उद्योक्ता, udyoktā)—*a*, *n* आयोजन करनेवाला, making preparations, promoter

উদ্যোগী (उद्योगी, udyogi, udjogi) —*a* उत्साही, आयोजक, enthusiastic, energetic, enterprising

উদ্রিক্ত (उद्रिक्त, udrikta)—*a* उत्ते-

জিত, वर्द्धित, स्पष्ट, excited, incited, round

উদ্রেক (उद्रेक, udrēk)—*n* सचार, प्रारंभ, commencement, beginning —ক্ষুধার উদ্রেক হওয়া (क्षुधार उद्रेक हवा, khudhār udrēk hawā)—*v* भूख लगना, to feel hungry

উদ্বমন (उद्वमन, udbaman)—*n.* वमन, कै, उल्टी, act of vomiting.

উদ্বর্ত (उद्वर्त, udbarta)—*n* बाकी अश, बचा हुआ हिस्सा, উদ্বৃত্ত, what is left over, a surplus.

উদ্বাস্তু (उद्वास्तु, udbāstu)—*n* पैतृक मकानसे निकाला हुआ, अपने निवास स्थानसे निकाला हुआ, ousted or ejected from one's homestead land, evacuee

উদ্বাহ (उद्वाह, udbāha)—*n* विवाह, शादी, marriage, wedding, bridal

উদ্বিগ্ন (उद्विग्न, udbigna)—*a* दुश्चिन्ताग्रस्त, शंकित, उत्कंठित, घबराया हुआ, anxious, worried, dejected, concerned.

উদ্বিড়াল (उद्विड़ाल, udbidāl)—*n.* उद्बिलाव, ভোঁদড, an otter

উদ্বৃত্ত (उद्वृत्त, udbritta)—*a.* *see* उद्वर्त ।

উদ্বেগ (उद्वेग, udbēg)—*n* उत्कंठा, दुश्चिन्ता, फिक्र, घबराहट, worry, concern, anxiety

উদ্বেল (उद्वेल, udbēl)—*a* वह निकला हुआ, प्लावित, উদ্বেলিত, over flowing, over whelmed, brimming (emotion)

উধাও (उधाओ, udhāo)—*a* अदृश्य, गायब, vanished, passed out of sight, disappeared

উধার (उधार, udhār)—*n.* कर्ज, ऋण, धार, debt, loan

উনান (उनान, unān)—*n* चूल्हा, উনন, উনুন, hearth, fire place, furnace, oven. —ধরান (उनान धरानो, unān dharāno)—*v.* चूल्हा सुलगाना, to kindle the fire place, to fire the oven

উনি (उनि, uni)—*p.* (सम्मानित) वह व्यक्ति, आप, (respectful) that person (he or she)

উনিশ (उनिश, unish)—*a* उन्नीस, nineteen.

উনিশে (उनिशे, unishē)—*n* महीने की उन्नीस तारीख, the nineteenth day of a month

উন্নত (उन्नत, unnata)—*a* ऊँचा, श्रेष्ठ, ऊपर उठा हुआ, समृद्ध, raised, lifted, high, lofty, glorious.

উন্নতি (उन्नति, unnati)—*n* श्रीवृद्धि, अभ्युदय, सौभाग्य, prosperity, advancement, improvement.

উন্নয়ন (उन्नयन, unnayan)—*n* विकाश, विकाशका कार्यक्रम, development, developing activity

উন্নীত (उन्नीत, unnita)—*a* ऊपर उठाया हुआ, विकसित, raised, developed

উন্মত্ত (उन्मत्त, unmatta)—*a* पागल, वावला, सनकी, मतवाला, mad, insane, lunatic —তা (उन्मत्तता, unmattatā)—*n* पागलपन, madness, insanity

উন্মনা (उन्मना, unmanā)—*a* जिसका ध्यान दूसरी ओर लगा हुआ है, घबराया हुआ, absent minded, worried

উন্মাদ (उन्माद, unmād)—*a* पागल, वेसुध, mad, insane —*n* पागलपन, उन्मत्तता, madness, insanity

উন্মাদনা (उन्मादना, unmādanā) —*n* उत्तेजना, प्रवल उत्साह, violent excitement or agitation, great enthusiasm

উন্মার্গ (उन्मार्ग, unmārga)—*n* कुमार्ग, बुरामार्ग, भ्रष्टाचार, a wrong way, an evil or prohibited path, misconduct. —গামী (उन्मार्गगामी, unmārgagāmi)—*a* भ्रष्टाचारी, misbehaving, taken to an evil or prohibited path

উন্মীলন (उन्मीलन, unmilan)—*n* आखें खोलना, प्रकाश, उन्मेष, opening of eyes, blooming, manifestation

উন্মীলিত (उन्मीलित, unmilita)—*a* खुला हुआ, विकासप्राप्त, open-eyed, bloomed, manifested.

উন্মুক্ত (उन्मुक्त, unmukta)—*a* खुला, उतारा, मुक्त, रिहा, uncovered, open, liberated

উন্মূলন (उन्मूलन, unmūlan)—*n* उच्छेद, मूल उत्पाटन, विनाश, extirpation, uprooting, eradication, removal, destruction

উন্মূলিত (उन्मूलित, unmūlita)—*a* उखाड़ा हुआ, extirpated, uprooted, eradicated

উন্মেষ (उन्मेष, unmēsh)—*a*. विकास, आँखोका खुलना, उद्भव, प्रकाश, development, opening (of eyes), rise, manifestation

উপকণ্ঠ (उपकण्ठ, upakantha)—*n* निकट, प्रान्त near, proximate, neighbourhood, vicinity

উপকথা (उपकथा, upakathā)—*n* कहानी, गल्प, किस्सा, a tale, a legend, a folk tale

উপকরণ (उपकरण, upakaran)—*n* सामान, सामग्री, साधन, औजार, an ingredients materials, equipments, accessorries, articles etc

উপকার (उपकार, upakār)—*n* हितसाधन, भलाई, नेकी, फायदा, benefaction, benevolence, good service, help, favour

উপকারী (उपकारी, upakāri)—*a* उपकार करनेवाला, भलाई करनेवाला,

लाभ पहुँचानेवाला, beneficient, benevolent, helpful, useful

উপকূল (उपकूल, upakūl)—*n* तीर, तट, समुद्र नदी आदि का किनारा, coast, shore, beach, bank

উপকৃত (उपकृत, upakrita)—*a* जिसका उपकार किया गया हो, benefited, done good to, helped

উপক্রম (उपक्रम, upakram)—*n.* आरम्भ, शुरू, तैयारी, आयोजन, beginning, commencement, endeavour, effort, to be about to commence

উপক্রমণিকা (उपक्रमणिका, upakramanikā)—*n* आरम्भ, सूत्रपात, भूमिका, प्रस्तावना, beginning, commencement introduction, preface, prelude

উপগত (उपगत, upagata)—*a.* उपस्थित, सन्निहित, आसक्त, कृतमैथुन, present, arrived, approach, adjacent, attracted, having enjoyed sexual intercourse.

উপগ্রহ (उपग्रह, upagraha)—*n* ग्रहकी परिक्रमा करनेवाला छोटा ग्रह, अवाछित साथी a satellite, a minor planet, an undesir able companion

উপচানো (उपचानो, upchāno)—*v.* उमड़ उठना, बह निकलना, to overflow, to flow over.

উপচার (उपचार, upachār)—*n* चिकित्सा, दवा, इलाज, पूजा की सामग्री, medical treatment, remedy, treatment, articles for worship.

উপচিকীর্ষা (उपचिकीर्षा, upchikirshā)—*n.* उपकार करनेकी इच्छा, desire for doing good to others, benevolence

উপচিকীর্ষু (upachikirshu)—*a.* उपकार करनेके इच्छुक, benevolent

উপজিল (उपजिल, upajila)—*v* पैदा हुआ, उत्पन्न हुआ, was or were produced or generated.

উপজীবিকা (उपजीविका, upajibikā) —*n* जीविका, वृत्ति, पेशा, livelihood, profession, means of subsistence

উপজীব্য (उपजीव्य, upajibya)—*n.* जीविका, वृत्ति, to be depended upon as a means of living, subsistence, basic idea

উপড়ানো (उपड़ानो, uprāno)—*v* उखाड़ना, to uproot, to extirpate, to eradicate

উপঢৌকন (उपढौकन, upadhaukan) *n* उपहार, भेंट, a respectful offering, a present or gift

উপত্যকা (उपत्यका, upatyakā)— —*n* दो पर्वतोंके बीचकी नीची भूमि, तराई, land between two-mountains, Valley at the foot of a mountain.

উপদংশ (उपदंश, upadangsha)—*n* गरमी की बीमारी, आतशक, फिरंग रोग, syphilis

উপদেবতা (उपदेवता, upadēbatā) अप्रधान देवता, भूतप्रेत आदि, a minor deity or a demi-god

উপদেশ (उपदेश, upadesh)—*n* सीख, नसीहत, हितकी बातका कथन, counsel, advice, instruction

উপদেষ্টা (उपदेष्टा, upadeshtā)—*n* उपदेश देनेवाला, शिक्षक, counsellor, adviser, instructor.

উপদ্রব (उपद्रव, upadrab)—*n* उत्पात, ऊधम, दगा-फसाद, दौराल्म्या, disturbance, trouble oppression, calamity

উপদ্রুত (उपद्रुत, upadruta)—*a* उपद्रवग्रस्त, जहाँ उपद्रव हुआ हो, disturbed, troubled, oppressed, raided, outraged

উপদ্বীপ (उपद्वीप, upadwip)—*n* प्रायद्वीप, peninsula

উপনয়ন (उपनयन, upanayan)—*n* यज्ञोपवीत-संस्कार, investiture with the holy thread

উপনিবেশ (उपनिवेश, upanibēsh) —*n* नयी आबादी या बस्ती, a colony, a new settlement.

উপনীত (उपनीत, upanita)—*a* पास लाया हुआ, पहुँचा हुआ, जिसका उपनयन संस्कार हो गया हो, brought near to, arrived at, invested with the holy thread

উপনেত্র (उपनेत्र, upanetra)—*n* चश्मा, ऐनक, spectacles, eyeglasses

উপন্যাস (उपन्यास, upanyāsh)—*n* आख्यायिका, a novel, a book of fiction, a romantic tale

উপপতি (उपपति, upapati)—जार, यार, अवैध प्रणयी, a paramour, a gallant

উপপত্তি (उपपत्ति, upapatti)—*n* युक्ति, प्रमाण, मीमांसा, argument, reasoning, proof, solution

উপপত্নী (उपपत्नी, upapatni)—*n* रखेली, अवैध प्रणयिनी, a concubine, a kept woman

উপপাদ্য (उपपाद्य, upapādya)—*a* उपपादनीय, that which is to be proved —*n.* प्रमाण करनेका विषय, theorem (in geometry)

উপভোক্তা (उपभोक्ता, upabhoktā) —*a*, *n* खानेवाला, भोग करनेवाला, consumer, one who enjoys.

উপভোগ (उपभोग, upabhog)—किसी वस्तुका व्यवहार, काममें लाना, संभोग, act of enjoyment, act of using, enjoyment

উপমা (उपमा, upamā)—*n* तुलना, सादृश्य, comparison, resemblance, analogy, simile

উপযুক্ত (उपयुक्त, upajukta)—*a.* योग्य, उचित, समर्थ, suited for,

fit, proper, competent

উপযোগিতা (उपयोगिता, upajogitā)—*n* आवश्यकता, प्रयोजन, necessity, utility, usefulness

উপযোগী (उपयोगी, upajogi)——*a* आवश्यक, कार्यकर, प्रयोजनीय, फायदेमद,, useful, serviceable

উপর (उपर, upar)—*n* ऊपर, the top of a thing, the upper part or surface —*adv.* ऊपर, ऊपरकी मजिलमे, ऊँचे स्थानपर, over, above, on, upon, upward

উপরতি (उपरति, uparati)—*n* विषयोसे विराग, उदासी, विरति, मौत, renunciation, indifference in worldly matters, death

উপরন্তু (उपरन्तु, uparantu)—*adv* अधिकन्तु, इसके अतिरिक्त, in addition to, more over, besides.

উপরা-উপরি (उपरा-उपरि, uparā-upari)—*adv* एकके ऊपर दूसरा, लगातार, one over another, in succession, repeatedly

উপরিভাগ (उपरिभाग, uparibhāg)—*n* ऊपरका हिस्सा, the top, the surface, the upper part

উপরোধ (उपरोध, uparodh)—*n* अनुरोध, प्रार्थना, an earnest request, solicitation.

উপর্যুক্ত (उपर्युक्त, uparjukta)—*a* ऊपर कहा हुआ, उल्लिखित, उपरोक्त, above-mentioned, aforesaid

উপর্যুপরি (उपर्युपरि, uparjupari)—*adv* एकके वाद दूसरा, लगातार, coming or occurring one after another, successively

উপল (उपल, upal)—*n* पत्थर, शीला, ओला, रत्न, मेघ, pebble, stone, rock, hail, jewel, cloud

উপলক্ষ (उपलक्ष, upalakkha)—*n* उद्देश्य, प्रयोजन, वहाना, end in view, purpose, aim, occasion, opportunity

উপলক্ষে (उपलक्षे, upalakkhē)—*adv* अवसर पर, on the occasion of, in this opportunity

উপলক্ষ্য (उपलक्ष्य, upalakkha)—*n* उद्देश्य, लक्ष्य, an occasion

উপলব্ধ (उपलब्ध, upalabdha)—*a* प्राप्त, ज्ञात, perceived, realized

উপলব্ধি (उपलब्धि, upalabdhi)—*n* ज्ञान, अनुभव, बोध, understanding, perception

উপবন (उपवन, upaban)—*n* वगीचा, उद्यान, फुलवारी, a garden, an artificial wilderness

উপবাস (उपवास, upabāsh)—*n* फाका, आहार त्याग, fasting, abstinence from food

উপবাসী (उपवासी, upabāshī)—*a*, *n*. उपवास करनेवाला, abstaining from food, fasting

উপবিষ্ট (उपविष्ट, upabista)—*a* बैठा हुआ, seated

উপবীত (उपवीत, upabit)—*n* जनेऊ, यज्ञोपवीत, यज्ञसूत्र, sacred thread or holy thread

উপবেশন (उपवेशन, upabēshan) —*n* आसनग्रहण, बैठना, act of sitting, act of taking one's seat

উপশম (उपशम, upasham)—*n* शान्ति, कमी, ह्रास peace, alleviation, relief, abatement

উপসংহার (उपसहार, upashang hār)—*n* शेषांश, समाप्ति, परिशेष, conclusion, end, termination, closing part

উপসর্গ (उपसर्ग, upasharga)—*n* अपशकुन, उत्पात, रोगलक्षण, शब्दके शुरूमें लगनेवाला अव्यय, (प्र, परा, अप, सम इत्यादि), portent, bad symptom, trouble, disturbance, a prefix (in grammar)

উপসাগর (उपसागर, upashāgar)— —*n* समुद्रकी खाड़ी, छोटा समुद्र, a bay, a gulf

উপস্থ (उपस्थ, upastha)—*a* समीपस्थ, निकटस्थ, proximate, in the vicinity of —*n* जननेन्द्रिय, the male or female genitals

উপস্থাপক (उपस्थापक, upasthāpak) —उपस्थित करनेवाला, पेश करनेवाला, पेशकार, proposer, mover, one who proposes or submits

উপস্থাপন (उपस्थापन, upasthāpan) —*n* उपस्थित करनेका कार्य, पेश करनेकी क्रिया, सभा समिति आदिमें विचारके लिये प्रस्ताव आदि रखना, the act of placing near, submission, a proposing or submitting before an assembly for consideration

উপস্থিত (उपस्थित, upasthit)—*a* हाजिर, आया हुआ, समीप बैठा हुआ, विद्यमान, मौजूद, present, come up, staying near, arrived, impending —বুদ্ধি (उपस्थितबुद्धि, upasthitbuddhi) प्रत्युत्पन्नमति, विपत्तिके समय तुरत विचार पूर्वक कर्तव्य करनेकी बुद्धि, ready-wit, presence of mind

উপস্থিতি (उपस्थिति, upasthiti)— *n* हाजिरी, विद्यमानता, मौजूदगी, arrival, presence, coming, existence at present

উপস্বত্ব (उपस्वत्व, upashatta)—*n* सम्पत्तिकी आय, land-revenue, income from land

উপহসিত (उपहसित, upahashita) —*a* जिसकी दिल्लगी उड़ायी गयी है, laughed at, ridiculed

উপহাস (उपहास, upahāsh)—*n* हँसी, दिल्लगी, ridicule, joke

উপহাস্য (उपहास्य, upahāshya)— *a* उपहासके योग्य, उपहासास्पद, ridiculous, laughable, ludicrous

উপহৃত (उपहृत, upahrita)—*a* उपहारके रूपमे दिया हुआ, भेंटमें दिया,

given or offered as a present.

উপাখ্যান (उपाख्यान, upākhyān) —*n* पुरानी कथा, पुराना वृत्तात, कहानी, an old story, a legend, a fictitious tale, a fable

উপাঙ্গ (उपांग, upānga)—*n* अंगका हिस्सा, अवयव, छोटा अंश या विभाग, subordinate part, any minor limb of the body

উপাচার্য (उपाचार्य, upāchārjya) —*n*. सह-आचार्य, सहकारी अध्यापक, उपकुलपति, an assistant professor of a university, a vice-chancellor.

উপাদান (उपादान, upādān)—*n* वह सामग्री जिससे कोई वस्तु तैयार हो, उपकरण, ingredient, material, element

উপাদেয় (उपादेय, upādeya)—*a.* मनोरम, उपभोग्य, स्वादिष्ट, excellent, enjoyable, delicious

উপাধান (उपाधान, upādhān)—*n* तकिया, pillow, cushion

উপাধি (उपाधि, upādhi)—*n* उपनाम, जाति वंश विद्या सम्मान आदिका परिचायक नामान्त, पदवी, खिताब, title, degree surname, attribute, designation

উপাধ্যায় (उपाध्याय, upādhyāya) —*n* अध्यापक, शिक्षक, गुरु, a professional teacher or reader of the Vedas, a spiritual preceptor, a teacher or instructor.

উপানৎ (उपानत, upānat)—*n.* उपानह, जूता, पादुका, shoe, slipper, any kind of foot-wear

উপায় (उपाय, upāya)—*n* तरकीब, युक्ति, साधन, प्रतिकार, means, contrivance, expedient

উপায়ন (उपायन, upāyan)—*n* भेंट, उपहार, presentation, gift.

উপার্জন (उपार्जन, upārjan)—*n* आय, रोजगार, कमाई, income, earning, acquirement

উপার্জিত (उपार्जित, upārjita)—*a* कमाया हुआ, earned, acquired, won, gained

উপাশ্রিত (उपाश्रित, upāsrita)—*a*. किसी के आश्रय मे रहनेवाला, अवलंबित, one who has taken shelter in, depended on.

উপাসক (उपासक, upāshak)—*n.* उपासनाकारी, साधक, worshipper, adorer, devoted (to).

উপাসনা (उपासना, upāshanā) —*n* आराधना, पूजा, worship, adoration, prayer.

উপাস্য (उपास्य, upāshya)—*a* आराध्य, पूजा के योग्य, पूज्य, worthy of being worshipped, adorable

উপাহার (उपाहार, upāhār)—*n* अल्पाहार, नाश्ता, light repast,

light refreshment, tiffin
উপুড (उपुड़, upur)—*n* औंधा, उल्टा, पेट के बल लेटा हुआ, উবুড, lying with the face downwards, prostrate, reversed
উভয় (उभय, ubhoy)—*p* दो व्यक्ति या वस्तुयें, two persons or things —*a* दोनों both —তঃ (उभयत, ubhayatah)—*adv* दोनों ओर से, दोनो तरफ, on both sides, on either side
উমরা, উমরাহ (उमरा, उमराह, umrā, umrāh)—*n* *see* ওমরা।
উমেদার (उमेदार, umēdār)—*a* प्रत्याशी, प्रार्थी, कार्यप्रार्थी, desirous, expectant, candidate for a job, an apprentice
উমেদারি (उमेदारि, umēdāri)—*n* प्रार्थना, कार्यप्रार्थना, सिफारिश, solicitation, act of soliciting for a job, candidature
উরগ (उरग, uraga)—*n* साँप, a snake, a reptile, a serpent
উরজ (उरज, uraja)—स्तन, उरोज, कुच, the female breast
উরস (उरस, uras)—*n* वक्षस्थल, छाती, the breast, the chest
উরসিজ (उरसिज, urasija)—*n* *see* উরজ।
উরস্ত্রাণ (उरस्त्राण, urastrān)—*n* कवच, सीनाबंद, an armour for the breast, a breast plate.
উরুত (उरुत, urut)—ऊरु, जानु, जघा, উরুদেশ, the thigh
উর্ণনাভ (उर्णनाभ, urnanābha)—*n* मकड़ी, মাকড়সা, the spider
উর্দি (उर्दि, urdi)—*n* वर्दी, a uniform
উর্দু (उर्दू, urdu)—*n* उर्दू, the Urdu language
উর্বর (उर्वर, urbar)—*a* उपजाऊ, fertile, productive
উর্বশী (उर्वशी, urbashi)—*n* एक अप्सरा, the name of a celestial nymph
উর্বী (उर्वी, urbi)—*n* पृथ्वी, धरती, भूमि, the earth, the mother earth
উল (उल, ul)—*n* ऊन, पशम, wool
উলঙ্গ (उलग, ulanga)—*a* नगा, खुला, उघाड़ा, naked, nude.
উলকি (उलकि, ulki)—*n* गोदना, tattoo, a tatu
উলটপালট (उल्टपाल्ट, ulatpālat) —*n a* उल्टफेर, अदलबदल, रद्दोबदल, disorder, confusion, a state of topsy-turvy
উলটা, উলটো (उल्टा, उल्टो, ultā, ultō)—*a* उल्टा, औंधा, विपरीत, contrary, opposite, reverse, overturned, upside down
উল্টান (उल्टानो, ultāno)—*v* उल्टना, औंधा करना, to over turn, to upset, to reverse

উলু (उलु, ulu)—*n* शुभ कार्य मे स्त्रियो के द्वारा उच्चारित मगल ध्वनि विशेष, हुलुध्वनि, घर छाने लायक एक घास, the sound *ulu* uttered by Hindu ladies with the aid of the tongue on festive occasions, a kind of thatching grass.

উলুক (उलूक, uluk)—*n* उल्लू, घुग्घू, পেচা, an owl

উলুখড (उलुखड़, ulukhar)—*n* छप्पड़ छाने योग्य एक लम्बी घास, a kind of thatching grass

উল্কা (उल्का, ulka)—*n* मशाल, चिनगारी, गिरता हुआ सितारा, an aerolite, a shooting star, a meteor —मुखी (उल्कामुखी, ulkamukhi)—*n* लोमड़ी, कर्कशा नारी, the fox, a woman whose face is ever ruddy with anger

উল্কি (उल्कि, ulki)—*n* शरीर मे सूई गड़ा कर रग से बनाया हुआ चित्र, गुदना, a tattooed mark

উল্লম্ফন (उल्लफन, ullamphan)—*n* कूद, फाँद, कूद कर लाघना, উল্লঙ্ঘন, a jump, a leap, act of jumping or leaping

উল্লসিত (उल्लसित, ullashita)—*a* प्रफुल्ल, प्रसन्न, खुश, delighted, gladdened

উল্লাস (उल्लास, ullash)—*n* हर्ष, आनन्द, joy, exultation

উল্লিখিত (उल्लिखित, ullikhita)—*a* ऊपर लिखा हुआ या कहा हुआ, ऊपर कथित, उल्लेख किया हुआ, written or mentioned above

উল্লুক (उल्लुक, ulluk)—*n* लम्बे हाथोवाला वन्दर विशेष, बेवकूफ, a species of long armed ape, a gibbon, a stupid

উল্লেখ (उल्लेख, ullekh)—*n*. वर्णन, जिक्र, mention, reference, statement —যোগ্য (उल्लेख-योग्य, ullekhjogya)—*a* वर्णन के योग्य, mentionable, worth mention

উশখুশ (उशखुश, ushkhush)—*n* अस्थिरता, अधीरता, উসখুস, restlessness

উশীর (उशीर, ushir)—*n* गाँड़र या गडदूर्वा की जड़, खस, the root of a fragrant grass called *khas-khas*

উষসী (उषसी, ushashi)—*a* प्रभाती, ऊषाराग-रजिता, अत्यत सुन्दरी, of the morning or dawn, glowing in the light of dawn, extremely beautiful

উষা (उषा, usha)—*n* see ঊষা।

উস্কখুস্ক (उष्कखुष्क, ushka-khushka) —*a* रूक्ष, रूखा, न सँवारा हुआ (बाल), dry and lean or swelled, untrimmed (hair)

উষ্ট্র (उष्ट्र, ushtra)—*n* ऊँट, ऊँट, the camel

উষ্ণ (उष्ण, ushna)—*a* गरम, गुनगुना, तप्त, hot, warm, heated —তা (उष्णता, ushnatā)—*n* गरमी, ताप, heat, warmth

উষ্ণীষ (उष्णीष, ushnish)—*n.* पगडी, साफा, ताज, a turban, a coronet, a diadem

উষ্ম, উষ্মা (उष्म, उष्मा, ushma, ushmā)—*n* गर्मी, क्रोध, heat, warmth, rage, anger

উসকান (उसकानो, ushkāno)—*v* उकसाना, वत्ती वढाकर दीये की रोशनी तेज करना, to instigate, to raise or to draw up (the wick of a lamp)

উসখুস (उसखुस, ushkhush)—*n.* *see* উশখুশ।

উসুল (उसुल, ushul)—*n.* वसूल, जमा, realisation, (of a bill, claim, dues etc)

উস্কখুস্ক (उस्कखुस्क, ushkakhushka) —*a* *see* উস্কখুস্ক।

উহা (उहा, uhā)—*p* वह, that (person or thing)

উহু (उहु, uhu)—*ind* कष्टसूचक शब्द, expressing pain etc, oh

উঁহু (उँहु, unhu)—*ind* नहीं, अस्वीकार सूचक शब्द, expressing unwillingness, dissent

ঊ

ঊ (ऊ, ū) बगला वर्णमाला का छठा स्वरवर्ण, the sixth vowel of the Bengali alphabet

ঊঢ় (ऊढ़, ūrha)—*a* विवाहित, married, wedded

ঊন (ऊन, ūna)—*a* न्यून, हीन, less, short, deficient —আশী (ऊनआशी, ūnaāshi)—*a* उनासी, seventy-nine —চল্লিশ (ऊनचल्लिश, ūnachallish)—*a* उनतालीस, thirty nine —ত্রিশ (ऊनत्रिश, ūnatrish)—*a.* उनतीस, twenty-nine —নব্বই (ऊननव्वइ, ūnanabbai)—*a* नवासी, eighty-nine —পঞ্চাশ (ऊनपचाश. ūnapanchāsh)—*a.* उनचास, forty-nine —ষাট (ऊनषाट, ūnashāt) —*a* उनसाठ, fifty-nine —সত্তর (ऊनसत्तर, ūnashattar)—*a* उनहत्तर, sixty-nine

ঊনিশ (ऊनिश, ūnish)—*a* उन्नीस, nineteen

ঊরু (ऊरु, ūru)—*n* जाँघ, ऊरुत, the thigh

ঊর্ণনাভ (ऊर्णनाभ, ūrnanābha)—*n* *see* ঊর্ণনাভ।

ঊর্দ্ধ (ऊर्द्ध, ūrdha)—*adv* ऊपर, ऊर्ध्व, high, lofty, superior —গামী (ऊर्द्धगामी, ūrdhagāmi) —*a* ऊपर चढनेवाला, ascending,

going upwards —তন (ऊर्ध्वतन, ūrdhatan)—*a* lying above or upwards, superior —শ্বাস (ऊर्ध्वश्वास, ūrdhashshāsh)—*n.* ऊपर को बढ़ती हुई श्वास, a long breath, gasping, panting

ঊর্মি (ऊर्मि, ūrmi)—*n* लहर, तरंग, a wave, a billow

ঊষা (ऊषा, ūshā)—*n* प्रात, सुबह, the dawn, the day break, the early morning

ঊহ্য (ऊह्य, ūjjha)—*a* अनुक्त, जिसका उल्लेख नहीं किया गया है, understood

ঋ

ঋ (ऋ, rh)—बंगला वर्णमाला का सप्तम स्वरवर्ण, seventh vowel of the Bengali alphabet

ঋক্ (ऋक्, rhik)—*n* ऋग्वेद, the Rigveda

ঋক্ষ (ऋक्ष, rhikkha)—*n* भालू, the bear

ঋগ্বেদ (ऋग्वेद, rhikbeda)—*n* पहला वेद, the Rigveda

ঋজু (ऋजु, rhiju)—*n* सीधा, सरल, सहज, straight, upright

ঋণ (ऋण, rhin)—*n* कर्ज, उधार, देना, debt, loan, liability

ঋণী (ऋणी, rhini)—*n* देनदार, कर्जदार, indebted, run into debts

ঋতু (ऋतु, rhitu)—मौसम, रज स्राव, season of the year, menstrual discharge

ঋষভ (ऋषभ, rhishabha)—*n.* बैल, साँड़, the bull, ox —*a.* श्रेष्ठ, chief, excellent

ঋষি (ऋषि, rhishi)—*n* मुनि, a sage, a saint

ঋষ্টি (ऋष्टि, rhisti)—*n* ग्रहदोष, अशुभ, bad influence of a planet, an evil

এ

এ (ए, ē) बंगला वर्णमाला का आठवाँ स्वरवर्ण, the eight vowel of the Bengali alphabet

এ (ए, e)—*p* यह (आदमी या चीज), this (person or thing), it —এ কি (ए कि, e ki)—यह क्या है, what is this ?

এই (एइ, ēi)—*p* यह, सामनेवाला, this, it —*int* किसीको बुलानेका शब्द, expressing a vocative sound

এও (एओ, eō)—*p* यह भी, he (or she) also —*n* सधवा स्त्री, a woman whose husband is living

এওজ (एओज, eōj)—*n* बदल, exchange, bartar

এঃ (ए, ēh)—*int* घृणा या असन्तोष प्रकाशक शब्द, expressing detestation, displeasure, aversion etc

এঁচড় (ऍंचड़, ẽnchar)—n कच्चा कटहल (जिसकी सबजी बनायी जाती है), ইঁচড়, ইঁচোড় unripe jack fruit (used as vegetables)

এঁটুলি (ऍंटुलि, ẽntuli)—n किलनी, जुआँ, blood sucking insects attaching themselves to the skin of animals, a tick

এঁটেল (ऍंटेल, ẽntel)—a चिपचिपा, लसलसा, adhesive, sticky

এঁটো (ऍंटो, ẽnto)—n उच्छिष्ट, भुक्तावशिष्ट, scraps or leavings of one's meal —কাঁটা (ऍंटो-काँटा, ẽntokãnta)—n भुक्तावशिष्ट अन्नादि, leavings or scraps of one's meal —খেকো (ऍंटोखेको, ẽntokhẽko)—a अतिहीन पराश्रजीवि, one who lives on cringing

এঁড়ে (ऍंड़े, ẽnrẽ)—n गायका मर्द बच्चा,साँड़, a bull-calf

